# ग्राम पंचायत कियाराबाग में भी किया जनसमस्याओं का निवारण



**बड़सर।** 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत शनिवार को बड़सर उपमंडल की ग्राम पंचायत कियाराबाग में भी स्थानीय लोगों की समस्याओं की सुनवाई की गई। तहसीलदार धर्मपाल नेगी की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में राजस्व विभाग और अन्य विभागों के अधिकारियों ने लोगों की विभिन्न समस्याओं का निवारण किया।

# ई-टैक्सी खरीदने के लिए दिया जा रहा 50 प्रतिशत अनुदान

**सोलन।** प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष प्रचार अभियान के अंतर्गत आज सूचना एवं जन संपर्क विभाग, पूजा कला मंच शगीन के कलाकारों द्वारा हिऊण व बशैलडी, हलोग, हिम आधार कला मंच के कलाकारों द्वारा टिक्कर व कोट, जयदेव कूर्गण सामाजिक एंव सांस्कृतिक कला मंच के कलाकारों द्वारा सुन्नी व बसन्तपुर, त्रिमुर्ति रंग मंच के कलाकारों द्वारा जाठिया देवी व रामपुर क्योंथल में लोगों को नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत के माध्यम से जागरूक किया गया। कलाकारों ने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा 'राजीव गांधी ई-टैक्सी योजना' के तहत ई-टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। निजी भूमि पर 45 प्रतिशत अनुदान पर 100 से 500 किलोवॉट तक के सोलर पैनल लगाने की योजना आरम्भ की गई है। 'राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट-अप योजना' आरम्भ की गई है, जिसमें 36 हजार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ते हुए 30 रुपये प्रति किलो मक्की तथा 40 रुपये प्रति किलो गेहूं की खरीद आरम्भ की गई है। कलाकारों ने नशे के दुष्प्रभावों और इससे बचाव के बारे में भी जानकारी दी। कलाकारों ने लोगों को हिम समाचार ऐप की भी जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत टिक्कर की प्रधान सुषमा कश्यप बशेलडी के प्रधान परस राम हिऊण के वार्ड सदस्य प्यारे लाल जाठिया के प्रधान नरेश ठाकुर सुन्नी उप प्रधान विजय कनवर बसन्तपुर के प्रधान प्रदीप व काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# हिमाचल को सबसे समृद्ध राज्य बनाने के लिए कार्य कर रहे सीएम: सुनील शर्मा बिट्टू

## ● राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नादौन के वार्षिक उत्सव में मेधावी छात्राओं को बांटे पुरस्कार

**नादौन।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नादौन का वार्षिक उत्सव शनिवार को मनाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि नादौन का बहुत ही गौरवमयी इतिहास रहा है। गुरु गोविंद सिंह, ध्यानू भक्त और महान क्रांतिकारियों इंद्रपाल एवं यशपाल की परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए आज यहीं से मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश को एक सशक्त एवं दूरदर्शी नेतृत्व प्रदान कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सहित तमाम क्षेत्रों में हिमाचल प्रदेश को आगे ले जाने तथा वर्ष 2032 तक इसे देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाने के लिए मुख्यमंत्री लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने नौजवानों, किसानों, बागवानों और समाज के सभी वर्गों के लिए कई बड़ी योजनाएं आरंभ की हैं। शिक्षा के क्षेत्र में बड़े सुधार किए जा रहे हैं। सरकारी स्कूलों में आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। आम परिवारों के प्रतिभाशाली बच्चों को विदेशों के भ्रमण तक करवाए जा रहे हैं। खिलाड़ियों की डाइट मनी और पुरस्कार राशि में कई गुणा वृद्धि की गई है। युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों पर लाखों की सब्सिडी का प्रावधान किया गया है। प्राकृतिक खेती से तैयार फसलों और दूध के लिए एमएसपी की घोषणा करने वाला हिमाचल पहला राज्य बन गया है। गर्ल्स स्कूल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ने यहां की छात्राओं को सभी आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए भारी-भरकम बजट का प्रावधान किया है।

इससे पहले, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कैप्टन पृथी चंद और स्थानीय नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने भी छात्राओं को संबोधित किया। प्रधानाचार्य मंजू रानी ने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। जबकि, छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में उच्चतर शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल, केसीसी बैंक के निदेशक मंडल सदस्य मोती जोशी और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने राष्ट्रीय पाइथियन गेम्स के पदक विजेताओं को किया सम्मानित

## पाइथियन गेम्स में प्रदेश और जिला के 50 बच्चों ने जीते पदक




**ऊना।** हिमाचल प्रदेश पाइथियन काउंसिल के अध्यक्ष और पाइथियन काउंसिल इंडिया के अतिरिक्त महासचिव एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में शनिवार को डीआरडीए हॉल में प्रथम राष्ट्रीय सांस्कृतिक पाइथियन गेम्स 2024 में अव्वल रहे हिमाचल प्रदेश राज्य के पदक विजेताओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान पाइथियन खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे 50 पदक विजेता बच्चों को उपायुक्त ने शॉल देकर सम्मानित किया। उन्होंने पदक विजेताओं के परिवारों को इस उपलब्धि की बधाई दी। इस दौरान विजेता खिलाड़ियों के अभिभावकों ने बच्चों का हौसला अफजाई करने के लिए उपायुक्त का आभार जताया।

जतिन लाल ने कहा कि इस प्रतिस्पर्धा में विजेता बच्चों ने ऊना जिला के साथ-साथ हिमाचल राज्य का नाम न केवल देश बल्कि विदेशों में भी रोशन किया है जोकि बहुत गर्व की बात है। जतिन लाल ने कहा कि राष्ट्रीय पाइथियन गेम्स से हिमाचल के युवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मौका मिला। उन्होंने युवाओं से आहवान किया वे ज्यादा से ज्यादा खेलों से जुड़े। खेलों से शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। उपायुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय पाइथियन गेम्स का आयोजन 12 से 15 दिसम्बर तक पंचकुला के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में किय गया, जिसमें ऊना जिला के साथ-साथ हिमाचल के 130 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इसके अलावा 12 देशों के प्रतिभागियों ने भी इस प्रतिस्पर्धा में भाग लिया था। उन्होंने बताया कि पाइथियन खेलों में संगीत, नृत्य, गायन, कविता, ड्राइंग और पेंटिंग, पारंपरिक खेल म्यूजिकल चेयर, रोलर म्यूजिकल चेयर, बोरी रेस, मल्लखंब, योग, आर्म रेसलिंग, रस्साकशी और टेनिस वॉलीबॉल, मार्शल आर्ट गतका, ताइक्वांडो, कराटे, बागटूर और मयथाई और प्राचीन खेल गदायुद्ध का पुनरुद्धार, ई-स्पोर्ट्स, 50-बॉल क्रिकेट खेलें आयोजित हुई थीं। इस अवसर पर क्रेडिट प्लानिंग अधिकारी संजय सांख्यान, जिला खेल अधिकारी उत्तम डोड, एचपी योगा एसोसिएशन के अध्यक्ष आचार्य महेंद्र शर्मा, एथलेटिक कोच राकेश चौधरी, कराटा कोच अजय ठाकुर, नीरज गौतम, कुंदन लाल, बाल कृष्ण सोनी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# जोगिन्द्रा केंद्रीय सहकारी बैंक सिमित की वार्षिक आम सभा का आयोजन सोलन में आयोजित




**सोलन।** आज जोगिन्द्रा केंद्रीय सहकारी बैंक सिमित की वार्षिक आम सभा का आयोजन सोलन में आयोजित किया गया। बैंक ने अपनी गौरवशाली यात्रा के 100 वर्ष पूरे कर लिए हैं और किसी संगठन द्वारा 100 वर्ष पूरे करना एक बड़ी उपलब्धि है। इस ऐतिहासिक क्षण पर आज बैंक के सभी निदेशक गण, सोसाइटी के सदस्य, शेयर होल्डर शामिल हुए। बैंक के चेयरमैन एडवोकेट मुकेश शर्मा ने सभी के समक्ष बैंक वित् वर्ष 2023-24 की वितीय स्तिथि सभी के समक्ष प्रस्तुत की। शताब्दी वर्ष केवल समय के मील का पत्थर नहीं है अपितु यह हमारे सामूहिक प्रयासों, हमारी प्रतिबद्धता, और हमारे समुदाय के प्रति सेवा भावना का प्रमाण है 7 आज का दिन हमारे बैंक और समुदाय के लिए बेहद महत्वपूर्ण और गौरवशाली है। यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि हमने अपने कथेड़ स्थित नए भवन में संचालन आरभ कर दिया है जिसका उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के कर कमलों द्वारा बैंक के स्थापना दिवस के सुअवसर पर 20 अगंस्त 2024 को किया गया है 7 यह भवन न केवल हमारे बैंक की प्रगति और स्थिरता का प्रतीक है, बल्कि यह हमारी सामूहिक मेहनत, समर्पण, और सदस्यों के विश्वास का परिणाम है।यह नया भवन हमारे ग्राहकों और कर्मचारियों के लिए एक आधुनिक, सुलभ और सुविधा-संपन्न स्थान प्रदान करेगा।यह भवन बेहतर सेवाओं, तेज़ प्रक्रियाओं, और आधुनिक तकनीकी सुविधाओं का केंद्र बनेगा।कर्मचारियों के लिए यह स्थान एक प्रेरणादायक और सुविधाजनक कार्यस्थल प्रदान करेगा, जिससे उनकी कार्यक्षमता और सेवा स्तर में सुधार होगा।

1924 में स्थापित यह बैंक एक छोटे से संगठन के रूप में शुरू हुआ था। तब बैंक का उद्देश्य स्थानीय किसानों को कृषि सहकारी सभाओं के माध्यम से सशक्त बनाना था।आज, 100 वर्षों के बाद, न केवल ज़िला बल्कि राज्य और देश के सहकारी आंदोलन में एक मजबूत स्तंभ के रूप में खड़े हैं 7 बैंक की पहचान इसके लोगो से होती है क्योंकि लोगो ध्यान आकर्षित करता है और एक मजबूत पहली छाप छोड़ता है 7 लोगो ब्रांड की पहचान का आधार होता है, और आपको प्रतिस्पर्धियों से अलग करता है। । बैंक का लोगो किसान की समृद्धि को दर्शाता था। यह लोगो काफी वर्षों तक जोगिंदरा बैंक की पहचान रहा है परन्तु लगातार बदलते बैंकिंग परिवेश में और 100 वर्षों के सफर के उपलक्ष्य पर बैंक ने अपने इस पुराने लोगो को रिटायर करने का निर्णय लिया है। माननीय मुख्यमंत्री महोदय ने बैंक के नए लोगो को जारी किया है और पूर्ण विश्वाश है की बैंक अपने इस नए आकर्षक लोगो के साथ अपनी एक नयी मजबूत पहचान बनाने में अवश्य सफल होगा। बैंक का नेट एनपीए 0 प्रतिशत, ग्रॉस एनपीए 3.54 प्रतिशत सीआरएआर 9.00प्रतिशत के आवश्यक स्तर से बहुत ऊपर 15.57प्रतिशत है जो की बैंक की कुशल कार्यप्रणाली को दर्शता है और इन आकड़ो की बदौलत अभी हाल ही में गोवा में बैंक को बेस्ट प्रोमिसिंग लीडरशिप बैंक के अवार्ड से नवाजा गया। बैंक ने अपने व्यवसायी ग्राहको के लिए त्क्र्कोड की सुविधा प्रदान कर दी है जिसकी मद्दत से अब सभी सोसाइटीज स्कैनर के माध्यम से लेनदेन कर सकेगी।

### वित्तीय वर्ष 31.03.2024 तक बैंक की मुख्य उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं

- बैंक का कुल कारोबार 2000 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है।
- बैंक की कुल जमाराशि 1392 करोड़ रुपये है।
- कुल त्र्रण अग्रिम 611 करोड़ रुपये से अधिक है
- बैंक की कार्यशील पूंजी 1825 करोड़ रुपये है।
- बैंक की कुल संपत्ति 120 करोड़ रुपये है।
- बैंक का सकल लाभ और शुद्ध लाभ साल दर साल बढ़ रहा है।

### 2023-24 के लिए सकल लाभ 33.58 करोड़ रुपये और शुद्ध लाभ 19.71 करोड़ रुपये था।

- बैंक पिछले 4-5 वर्षों से नियमित रूप से सदस्यों को 15.00त्न की दर से लाभांश का भुगतान कर रहा है। जिसे वर्ष के लिए 20त्न किया गया।
- प्रावधान कवरेज अनुपात (PCR) 100% है जो आवश्यक स्तर 70% से बहुत अधिक है।
- जिले के सभी प्रमुख स्थानों पर 33 शाखाओं के व्यापक नेटवर्क के साथ अन्य बैंकों के बराबर बैंकिंग सेवाएँ। सभी 33 शाखाएँ 8 ञरूके साथ पूरी तरह से CBS हैं
- 2 पूर्ण शाखाओं और 4 विस्तार काउंटरों वाले 6 नए स्थानों को RBI द्वारा लाइसेंस दिया गया है और जल्द ही इन्हें खोला जाएगा। इस अवसर पर बैंक के निदेशक बुध राम ठाकुर, जितेंदर ठाकुर, विजय ठाकुर, किरण कोंडल, डॉ जगदीश शर्मा, हजूरा सिंह, लाज किशोर, प्रबंध निदेशक पंकज सूद और करीबन 230 से अधिक सदस्य मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने पर्यावरण कैलेंडर और स्वर्ण जयंती लोगो जारी किया



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज जिला कांगड़ा के धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचपीपीसीबी) के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 50 गतिविधियों को प्रदर्शित कर रहे पर्यावरण कैलेंडर को जारी किया। उन्होंने बोर्ड के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती लोगो भी जारी किया। मुख्यमंत्री ने बोर्ड को बधाई देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 50 वर्षों के दौरान अनेक सराहनीय कार्य किए हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पर्यावरण को संरक्षित करने के बोर्ड के प्रयासों को निरंतर सफलतापूर्वक जारी रहेंगे। पर्यावरण कैलेंडर में 21 दिसम्बर, 2024 और 21 दिसम्बर, 2025 के मध्य पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण 50 दिनों को मनाने के लिए 50 प्रमुख गतिविधियों की रूपरेखा दी गई है। इन गतिविधियों का उद्देश्य प्रदेश के लोगों में जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है।

नए लान्च किए गए स्वर्ण जयंती लोगो को एचपीपीसीबी के सभी आधिकारिक पत्राचार पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय और प्रयोगशालाएं 21 दिसम्बर, 2024 को स्वच्छता अभियान चलायेंगे। स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जनवरी 2025 के अंतिम पखवाड़े या फरवरी 2025 के प्रथम पखवाड़े में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, उप-मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक संजय रतन, संजय अवस्थी, सुरेश कुमार, सुदर्शन बबलू, विवेक शर्मा, मलिन्द्र राजन, हरदीप बावा, नीरज नैय्यर, अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा, एचपीपीसीबी के सदस्य सचिव अनिल जोशी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# भुभूजोत सुरंग को सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण परियोजना के रूप में नामित किया गया : मुख्यमंत्री

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के प्रयासों के फलस्वरूप प्रदेश में भुभूजोत सुरंग के निर्माण की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। रक्षा मंत्रालय ने अधिकारिक रूप से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को भुभूजोत सुरंग, घटासनी-शिल्हा-भुभूजोत-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ सामरिक महत्व की परियोजना के रूप में नामित करने की अनुशंसा की है। रक्षा मंत्रालय ने पत्राचार के माध्यम से इस राजमार्ग और सुरंग के महत्व को इंगित करते हुए बताया कि यह राजमार्ग लेह-लद्दाख के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जिससे दुर्गम क्षेत्रों में सशस्त्र बलों को विभिन्न प्रकार की संवेदनशील गतिविधियों के सफलतापूर्वक संचालन में सहायता मिलेगी। सामरिक महत्व के साथ-साथ इस सुरंग से क्षेत्र को पर्याप्त सामाजिक-आर्थिक लाभ मिलेगा और इस दृष्टि से परियोजना के लिए बजटीय प्रावधान किए जाएंगे। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भुभूजोत सुरंग परियोजना के लिए राज्य सरकार के पक्ष को मजबूती से केन्द्र के समक्ष रखा था। उन्होंने 25 अक्तूबर, 2024 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से व्यक्तिगत रूप से भेंटकर इस परियोजना को प्राथमिकता प्रदान करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के बारे में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष भी रखा गया था। इस सुरंग का निर्माण राज्य के विकास के लिए मील पत्थर साबित होगा। प्रस्तावित भुभूजोत सुरंग के निर्माण से कांगड़ा और कुल्लू के बीच की दूरी लगभग 50 किलोमीटर से कम हो जाएगी। जिससे स्थानीय लोग लाभान्वित होंगे और क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। सुरंग के बनने से लोगों की आर्थिकी भी मजबूत होगी। राज्य सरकार प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाने की दिशा में निरन्तर कार्य कर रही है और पर्यावरण संरक्षण तथा सतत् विकास को को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में सुरंगों के निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है।

# फोक मीडिया दलों ने दी सरकारी योजनाओं की जानकारी



**ऊना।** सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग से सम्बद्ध सांस्कृतिक दल आरके कलामंच चिंतपूर्णी ने अम्बटिल्ला व चौकी तथा पूर्वी कलामंच जलग्रां टब्बा ने कुंगड़त व खड्ड खास में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटकों के जरिए अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ संचालित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ जन कल्याणकारी नीतियों, योजनाओं, उपलब्धियों व नशा निवारण विषय पर जागरूक किया। इस दौरान फोक मीडिया दलों ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ावर्ग, अल्प संख्यक समुदायों, महिलाओं, बच्चों, दिव्यागों एवं वृद्धजनों के उत्थान व समाज में इन वर्गों को समान अवसर प्रदान करने, उनके अधिकारों का संरक्षण कर पूर्ण भागी दारी सुनिश्चित करने के उदेश्य से विभाग द्वारा अनेकों योजनाएं एंव कार्यक्रमों का संचालित किए जा रहे हैं। सरकार ने अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्प संख्यक वर्ग, एकल नारी, विधवा व दिव्यांगजन से सम्बन्धित अभ्यार्थियों को कम्पयूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 5 करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया है। बुजुर्गो, निराश्रितों, महिलाओं और अनाथों के पुनर्वास के लिए विभाग एक ही छत के नीचे 400 आवासियों की क्षमता वाले एकीकृत आदर्श ग्राम सुख आश्रय परिसर की स्थापना कांगडा जिले के गांव लुथान तथा जिला मण्डी के सुन्दरनगर में कर रहा है। इसी कड़ी में सांस्कृतिक दलों द्वारा 22 दिसम्बर को हरोली विस के गांव सलोह व दुलैहड़ अप्पर, गगरेट विस के गांव पिरथीपुर तथा चिंतपूर्णी के गांव घंघरेट में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जबकि अभियान के छठे और अन्तिम दिन 23 दिसम्बर को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के गांव पंसाई, बौल, मोह खास व परोइयां में गीत संगीत व नाटकों के माध्यम से लोगों को मनोरंजन के साथ जनहित में संचालित योजनाओं बारे जानकारी दी जाएगी।

# एससी आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने जिला के एससी पदाधिकारियों के साथ की बैठक





**ऊना।** राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने आज शनिवार को एससी आयोग के रामपुर स्थित भवन में जिला की अनुसूचित जाति के जिला पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान अनुसूचित आयोग के सदस्य सचिव एवं एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान तथा आयोग के सदस्य अधिवक्ता विजय डोगरा भी उपस्थित रहे। इस दौरान कुलदीप कुमार ने कहा कि राज्य सरकार का अनुसूचित जाति आयोग कार्यालय खोलने का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति के लोगों के साथ किसी तरह का भेदभाव और उनके अधिकारों का हनन न हो, यह सुनिश्चित बनाना है। उन्होंने कहा कि आगे भी समय-समय पर अनुसूचित जाति के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित बनाया जाएगा।

एससी आयोग के अध्यक्ष ने केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा भारत के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर पर की गई टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इस टिप्पणी के लिए केंद्रीय गृह मंत्री को माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समस्त अनुसूचित जाति वर्ग, दलित व शोषित वर्ग इस टिप्पणी की घोर निंदा करता है। अनुसूचित जाति के लोगों को समाज में रहने, खाने और शिक्षा का एक समान हक दिलाने वाले डॉ भीमराव अम्बेडकर जी एससी वर्ग के मसीहा हैं और एससी वर्ग ऐसी गलत टिप्पणीयों को बर्दाशत नहीं करेगा। बैठक में पधारे अनुसूचित जाति के जिला पदाधिकारियों ने एससी आयोग का कार्यालय ऊना जिला पर खोलने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुक्खू तथा उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिला में प्रदेश स्तर का बड़ा कार्यालय खुलना ऊना के लिए गर्व की बात है। इस ऐतिहासिक कदम से दलित समाज, वंचितों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा।

बैठक में प्रदेश संयोजक लेखराज भारती, सेवानिवृत्त डीएसपी कमल चंद, अनुसूचित जाति के जिला प्रधान तरसेम लाल सहोता, अनुसूचित जाति की जिला महिला अध्यक्ष सुनीता देवी, हरोली ब्लॉक अध्यक्ष जसपाल जस्सा, ऊना एससी ब्लॉक के अध्यक्ष बलराम माहे, एससी महिला अध्यक्ष ऊना राणो देवी, गगरेट एससी ब्लॉक प्रधान सुरेंद्र कुमार, जिला के महासचिव गुरपाल कलसी, जिला उपाध्यक्ष मोहिंद्र सिंह, बलदेव सरोहा, रामजी दास, जिला कबीर पंथी सभा से सुरेश मियां ने भाग लिया।

# राज्यपाल ने "इन्सेक्ट पॉलिनेटरस डॉयवर्सिटी" पुस्तक का विमोचन किया



**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन में परागण करने वाले कीटों पर वैज्ञानिक शोध पर आधारित ''इन्सेक्ट पॉलिनेटरस डॉयवर्सिटी'' पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के जैव विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. नीलम कुमारी, डॉ.वाई.एस. परमार औद्योनिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी बागवानी अनुसंधान केंद्र मशोबरा की वैज्ञानिक डॉ.संगीता शर्मा तथा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के डॉ.नितेश कुमार एवं डॉ. हीरेन्द्र सिंह बनियाल द्वारा लिखी गई है। उन्होंने राज्यपाल को अवगत करवाया कि पुस्तक में परागण करने वाले कीटों तथा कृषि एवं बागवानी में उनके महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि फलों की बेहतर पैदावार में परागण करने वाले कीट महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा यह पुस्तक किसानों, बागवानी विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं एवं विद्यार्थियों के लिए लाभकारी साबित होगी। राज्यपाल ने बागवानों और किसानों के लिए शोध पर आधारित पुस्तक प्रकाशित करने के लिए सभी लेखकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि किसानों और बागवानों को जब खेतों में शोध आधारित बेहतर परिणाम मिलते हैं तो इससे शोध की सार्थकता साबित होती है।

# पंजोत, सराहकड़ और धलोट में भी होगा जनसमस्याओं का निवारण

**हमीरपुर।** एसडीएम संजीत सिंह ने बताया कि 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के तहत रविवार 22 दिसंबर को ग्राम पंचायत पंजोत, 23 को ग्राम पंचायत सराहकड़ और 24 दिसंबर को ग्राम पंचायत धलोट में जनसमस्याओं का निवारण किया जाएगा। एसडीएम ने इन पंचायतों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के लोगों से 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने उपमंडल स्तर के सभी विभागीय अधिकारियों को इन कार्यक्रमों में उपस्थित रहने तथा जनसमस्याओं के निवारण के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने बताया कि शनिवार को ग्राम पंचायत जंगलरोपा के गांव बकारटी में आयोजित 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम में जमीन के 20 इंतकाल किए गए।

इसके अलावा लोगों के अन्य प्रार्थना पत्रों पर भी त्वरित कार्रवाई की गई।